6. परीक्षा और मूल्यांकन का ज्ञान :-
(Knowledge of tests examination and evaluation)

शिक्षक - शिक्षा कार्यक्रम में अध्यापक 'परीक्षा', 'गृह परीक्षा' और 'मूल्यांकन' शब्दों से अवगत होना है। वह विभिन्न विषयों में परम्परागत परीक्षाओं की कमियों का हल सुझाता है। मूल्यांकन द्वारा वह विद्यार्थियों को सही पक्ष में उन्नति देता है। वह वह अच्छी प्रकार से समझ लेता है कि विद्यार्थियों के व्यवहार में वांछित परिवर्तन लाने के लिए मूल्यांकन की प्रक्रिया किस प्रकार से की जाती है।

7 स्कूल प्रबन्ध का ज्ञान :-
Knowledge of School Management

अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में स्कूल-प्रबन्ध विषय का ज्ञान, अध्यापकों के लिए महत्वपूर्ण होता है। इससे अध्यापक को अच्छे अध्यापक और प्रधानाध्यापक के विभिन्न गुणों और कर्तव्यों का ज्ञान होता है जिससे वह अपने भावित्व में विभिन्न भूमिकाओं को प्रभावशाली ढंग से निभा सकता है। उसे समय-सारणी व उसकी रचना, अनुशासन में पुरस्कार और सज़ा के प्रयोग आदि की भी जानकारी मिलती है। यह विषय उसे विभिन्न प्रकार के रजिस्टरों व रिकार्डों और उनके रख-रखाव का ज्ञान भी देता है, जो अध्यापक के मुख्य कर्तव्यों में से एक है।

8. श्यामपट लेखन व चित्रांकन :-
(Blackboard Writing and Sketching)

अध्यापक - शिक्षा कार्यक्रम में प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को श्यामपट लेखन व चित्रांकन में पर्याप्त अभ्यास दिया जाता है। अध्यापक शिक्षण में कितना सफल होता है यह योग्य एवं कुशल माना जाता है। परिणामस्वरूप उसे विभिन्न साधनों की आवश्यकता नहीं पड़ती। कई बार श्यामपट लेखन कौशल उसे कई विषम परिस्थितियों में सहायता देता है।

9. विभिन्न कलाओं का व्यावहारिक ज्ञान
» ज्ञान : - Practical knowledge
of different crafts :

Scanned with CamScanner

विभिन्न कलाओं से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान अध्यापक की व्यावसायिक क्षमता है। यह उसे अपने छात्रों द्वारा कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। वास्तविकता सिद्धा हाथ, मन, एवं मस्तिष्क समेत कार्य करने निहित है। इस प्रकार अध्यापक किसी हीन भावना से ग्रस्त नहीं होता। वह विभिन्न प्रकार के व्यावहारिक कार्य को करने में नहीं हिचकिचाता। परिणामस्वरूप अध्यापक का मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। इस संदर्भ में माध्यमिक शिक्षा आयोग (Secondary Education Commission) का कहना है, "हम विचार से सहमत हैं कि वर्तमान शैक्षणिक योग्यता, उसका व्यवसायिक प्रशिक्षण और उसका स्कूल एवं समुदाय में स्थान है।" (We are, however, concerned that the most important factor in the contemplated education re-construction is the teacher, his personal qualities, his educational qualification, his professional teaching and the place he occupies in school as well as in the community.)

10 प्रशिक्षण शिक्षण की प्रक्रिया को रुचिकर बना देता है। (Training makes the process of teaching interesting) : उचित प्रशिक्षण प्राप्त किये के अभाव में शिक्षण को रुचिकर नहीं बनाया जा सकता।